an>

Title: Demand to open custom office at Khajuria to make easy commercial activities at India-Nepal border.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय सभापति जी, हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलिया ब्लॉक में भानपुर-खजुरिया भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। यह एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। जहाँ से नेपाल स्थित बेल्लोरी, कंचनपुर केन्द्र से कई वस्तुओं का व्यापार होता है। प्रति वर्ष कई करोड़ रुपए का व्यवसाय होने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलता है। नेपाल ने अपने क्षेत्र के बेल्लोरी में अपना कस्टम ऑफिस स्थापित कर लिया है तथा भारत से आयात-निर्यात पर वहाँ की सरकार टैक्स की वसूली कर रही है। परन्तु उक्त भानपुर-खजुरिया व्यावसायिक केन्द्र पर भारत का कस्टम कार्यालय न होने के कारण राजस्व की भारी हानि हो रही है तथा वर्तमान में कस्टम कार्यालय पलिया से इसे जोड़ने के कारण, जो 40 किलोमीटर दूर है, भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है तथा साफ-सुथरा व्यवसाय करने वाले भारत तथा नेपाल के व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। उक्त भानपुर-खजुरिया में नगर उद्योग व्यापार मंडल, खजुरिया व बेल्लोरी उद्योग वाणिज्य संघ, कंचनपुर, नेपाल के व्यापारियों ने उक्त खजुरिया में कस्टम ऑफिस खोलने की मांग की थी।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उक्त व्यावसायिक केन्द्र खजुरिया में व्यावसायिक सुगमता, राजस्व वृद्धि तथा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भानपुर-खजुरिया में कस्टम कार्यालय खोलने की कृपा करें।